राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी

पटना, 29 अगस्त, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि जन्माष्टमी का त्योहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में असीम भक्ति, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा है कि श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवाभाव और सद्भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता में दिया गया उपदेश जीवन प्रबंधन का महानतम दर्शन है।

....